## महत्वपूर्ण एवं खास

### तालाब में मासूम बच्ची की डूबने से मौत

**कोरबा (आरएनएस)।** ग्राम बनबांधा में एक मासूम बच्ची की डबरी (तालाब) में डूबने से मौत हो गई। गांव के धनुहार पारा मोहल्ला में निवासरत नील सिंह की पुत्री किरण 2.50 वर्ष व तीन अन्य बच्चे एक साथ खेल रहे थे। रविवार को दोपहर एक बजे खेलते- खेलते तीनों बच्चे घर से लगे डबरी में पहुंच गए। इस दौरान किरण समेत दो बच्चे पानी में उतर गए और डूबने लगे, तब राहगीरों की नजर पड़ी, तो उन्होंने एक बच्ची को बचा लिया, पर दूसरी बच्ची नहीं मिली। जानकारी मिलने पर स्वजन समेत ग्रामीण स्थल पर पहुंचे और बच्ची का तलाश शुरू की गई। काफी मशक्कत के बाद आखिर मासूम किरण मिली। आनन फानन में उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर पोस्टमार्टम करा शव को अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया।

### फर्जी दस्तावेज से जमीन का सौदा किया, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** फर्जी दस्तावेज तैयार कर दूसरे की जमीन को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजय जैन 62 वर्ष दावड़ा कालोनी टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी संजीव सिंह ने डुमरतराई स्थित 0.674 हेक्टेयर भूमि जो दूसरे के नाम पर था, जिसका फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रार्थी को बेचने के लिए सौदा तय कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम धनेली स्थित धनराज होटल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सनंदन साहू बेमेतरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम धनेली स्थित धनराज होटल के पास अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार सनंदन की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 18 मवेशियों को रौंदकर वाहन चालक फरार

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** दरीघाट-कोरबा बासपास हाइवे के पास बीती रात एक अज्ञात वाहन ने सडक़ पर बैठे 18 मवेशियों को कुचल दिया। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से भाग निकला। सूत्रों ने बताया कि हादसा निर्माणाधीन हाइवे के पास हुआ है। यहां रात में किसी अज्ञात वाहन ने 18 से अधिक गोवंशों को कुचल दिया और भाग निकला। मामले की शिकायत पर पुलिस जांच में जुट गई है। मामला दर्रीघाट-कोरबा बाईपास हाइवे का है। एरमसाही गांव के पास एक अज्ञात वाहन गोवंशों को कुचलकर फरार हो गया। हादसे में 18 गायों की मौत हो गई। ग्रामीण और गौ सेवक मौके पर पहुंचे। इसके बाद मस्तूरी पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# एमडीएमए ड्रग्स के रैकेट का संचालन करने वाले तीन गिरफ्तार

**रायपुर | आरएनएस**

राजधानी पुलिस ने एमडीएमए ड्रग्स का व्यवसाय करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से 04 पैकेट चरस, 98 नग एम.डी.एम.ए टैबलेट, 01 नग पिस्टल मय मैगजीन जब्त किया है। पकड़ा गया एक आरोपी ड्रग्स रैकेट चलाने वाले सरगना प्रोफसर उर्फ आयुष अग्रवाल को राईट हैंड बताया जा रहा है जो कि उसके साथ ही ड्रग्स का धंधा करता था तथा आयुष के जेल जाने के बाद अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ड्रग्स बेचने लगा।

बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिसके तारतम्य में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में दिनांक 13.05.2024 को एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम के द्वारा नेटफ्लिक्स के बहुचर्चित वेबसीरीज के तर्ज पर अपना नाम रखकर एमडीएमए ड्रग्स की बिक्री करने वाले रैकेट के एक महिला सहित कुल 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 17 अलग - अलग छोटे जिप पॉलिथीन में रखें 2100 मिलीग्राम एमडीएमए एवं 6600 मिलीग्राम कोकिन, 01 नग इलेक्ट्रानिक तराजू, 08 नग मोबाईल फ ोन, नगदी रकम 86,000 रूपये, 03 नग सोने की चैन, 01 नग लैपटॉप, 01 नग आई.पेड, 03 नग एटीएमकार्ड, 01 नग सिम कार्ड तथा ऑडी कार क्रमांक डी एल/02/सी ए टी/5505 जुमला कीमती लगभग 50 लाख रूपये जप्त कर उनके विरूद्ध थाना खम्हारडीह में अपराध क्रमांक 205/24 धारा 21, 22 नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया था। मामले में टीम के सदस्यों द्वारा लगातार प्रकरण के बैकएंड एवं फ ॉरवर्ड लिंकेजेस की पतासाजी की जा रही थी इसी दौरान टीम के सदस्यों को उक्त प्रकरण के तर्ज पर एक अन्य रैकेट के सदस्यों द्वारा शहर में एमडीएमए ड्रग्स बिक्री करने की जानकारी मिली। जिसकी पतासाजी करते हुए टीम के सदस्यों द्वारा शुभम सोनी नामक व्यक्ति को टिकरापारा क्षेत्र से एमडीएमए ड्रग्स बिक्री करने वाले के रूप में चिन्हांकित किया गया साथ ही यह भी जानकारी मिली कि शुभम सोनी बिक्री हेतु अपने पास 01 पिस्टल भी रखा है। टीम के सदस्यों द्वारा लगातार उस पर निगाह रखते हुए उसके संबंध में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की गई।

जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी टिकरापारा को आरोपियों को रंगेहाथ गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आरोपियों को पकडऩे हेतु योजना बनाई गई। योजना के अनुसार थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत कमल विहार सेक्टर 04 चौक ऑक्सिजोन के पास पुलिस टीम के एक सदस्य को ग्राहक बनाकर शुभम सोनी के पास एमडीएमए ड्रग्स को क्रय करने हेतु भेजा गया चूंकि पुलिस टीम को उसके पास पिस्टल रखे होने की सूचना थी जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा घेराबंदी कर शुभम सोनी को एमडीएमए ड्रग्स की डिलिवरी के दौरान रंगेहाथों पकड़ा गया। शुभम सोनी के पास रखे बैग की तलाशी लेने पर बैग में चरस, एमडीएमए टैबलेट, 01 नग पिस्टल मय मैगजीन, खाली कैप्सूल, 02 नग स्मार्ट फ ोन एवं प्लास्टिक का कैप्सूल कवर एवं नगदी रकम रखा होना पाया गया। पूछताछ में शुभम सोनी ने बताया कि पूर्व में वह थाना सरस्वती नगर के नारकोटिक एक्ट के प्रकरण में जेल निरूद्ध आरोपी आयूष अग्रवाल का मित्र था जिसके साथ वह एमडीएमए बिक्री का कार्य करता था। आरोपी आयूष अग्रवाल के पकड़े जाने के बाद आरोपी शुभम सोनी अपने साथी अभिषेक साहू के साथ मिलकर एमडीएमए ड्रग्स का कार्य करने लगा जिसमें आरोपी अभिषेक साहू एमडीएमए को मनाली हिमांचल प्रदेश से मंगाता था तथा उसी माल को उसके द्वारा शहर में खपाया जाता था। आरोपी शुभम सोनी द्वारा माल खपाने एवं अपनी पहचान छिपाने के उद्देश्य से 01 फर्जी नाम जिम्मी रॉय तथा व्हॉट्सएप की डीपी में बहुचर्चित ड्रग पैडलर पैब्लो एस्कोबार का उपयोग करता था।

इसी दौरान आरोपी शुभम सोनी द्वारा अपने सुरक्षा हेतु एक पिस्टल को मंगाया था। जिसे उसे सोनू अग्रवाल नामक व्यक्ति द्वारा एक लाख रूपये के एवज में उपलब्ध कराया गया था। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी अभिषेक साहू एवं सोनू अग्रवाल की भी पतासाजी कर पकड़ा गया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 04 पैकेट चरस, 98 नग एम.डी.एम.ए टैबलेट, 01 नग पिस्टल मय मैगजीन, 02 नग स्मार्ट मोबाईल फोन, 01 नग इलेक्ट्रोनिक तौल मशीन, 100 नग खाली कैप्सूल एवं 100 नग प्लास्टिक का कैप्सूल कवर एवं नगदी रकम जुमला कीमती लगभग 6,00,000 रूपये जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 735/2024 धारा 23बी नारकोटिक एक्ट एवं 25 आम्र्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

# राज्य में अगले 5 दिनों तक बदली-बारिश के आसार

**रायपुर | आरएनएस**

छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों तक रायपुर, दुर्ग और कांकेर संभाग में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने आज यानि 23 सितंबर से फिर बस्तर संभाग के कई जिलों के लिए भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक, समुद्र तल पर मानसून की द्रोणिका बीकानेर, गुना, मंडला, राजनांदगांव, गोपालपुर से होकर दक्षिण-पूर्व की ओर पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। 23 सितंबर को उत्तर-पश्चिम और पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है, जिसके कारण बस्तर संभाग के जिलों में बारिश हो सकती है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 1105.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 1105.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 23 सितम्बर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 2320.1 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 575.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा जिले में 591.3 मिमी, सूरजपुर में 1082.9 मिमी, बलरामपुर में 1627.8 मिमी, जशपुर



में 941.2 मिमी, कोरिया में 1065.8 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 1054.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। इसी प्रकार, रायपुर जिले में 917.6 मिमी, बलौदाबाजार में 1142.9 मिमी, गरियाबंद में 1040.0 मिमी, महासमुंद में 873.5 मिमी, धमतरी में 990.2 मिमी, बिलासपुर में 950.5 मिमी, मुंगेली में 1068.9 मिमी, रायगढ़ में 997.4 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 636.5 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1164.5 मिमी, सक्ती 984.9 मिमी, कोरबा में 1340.2 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 1134.9 मिमी, दुर्ग में 636.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी। कबीरधाम जिले में 860.2 मिमी, राजनांदगांव में 1090.7 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1199.1 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 820.5 मिमी, बालोद में 1147.1 मिमी, बस्तर में 1229.2 मिमी, कोण्डागांव में 1122.9 मिमी, कांकेर में 1371.2 मिमी, नारायणपुर में 1368.2 मिमी, दंतेवाड़ा में 1483.1 मिमी और सुकमा जिले में 1640.0 मिमी औसत वर्षा एक जून से अब तक रिकार्ड की गई।

## 7 दिनों से लापता युवक की जंगल में मिली सड़ी-गली लाश

**गरियाबंद | आरएनएस**

फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के गनियारी जंगल में एक युवक की सड़ी-गली लाश मिली है। बताया जाता है कि मृतक पिछले एक सप्ताह से लापता था। ग्रामीणों ने जंगल में लाश देखी और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। मिली जानकारी अनुसार, आज सुबह पतोरा गांव के ग्रामीण जंगल में पुटू बीनने गए थे, तभी उन्होंने जंगल में एक सड़ी-गली लाश देखी. जिसकी सूचना फिंगेश्वर पुलिस को दी गई. घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मृतक हिरामन साहू की पत्नी नम्रता साहू ने करीब 20 दिन पहले थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें पत्नी ने बताया था कि उसका पति नशे की हालत में आए दिन मारपीट करता था. मामले में 31 अगस्त को की शिकायत की गई थी. जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। बताया जा रहा है कि मामले में पुलिस की कार्रवाई के डर से हिरामन साहू घर से भाग गया था और बीते सोमवार से घर से लापता था. अब उसकी लाश संदिग्ध अवस्था में जंगल में पाई गई. हिरामन साहू की हत्या है या आत्महत्या, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा.

## पांच दिन में 43 एकड़ धान की फ सल को हाथियों ने रौंदा

**कोरबा | आरएनएस**



हाथियों की संख्या बढऩे के साथ हाथी मानव द्वंद्व भी बढ़ रहा है। कोरबी के निकट जंगल में हाथियों के डेरा डालने से वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को सतत सतर्क किया जा रहा है। जिले के वनांचल क्षेत्र में हाथी-मानव द्वंद्व थमने का नाम नहीं ले रहा है।

अंबिकापुर के घने जंगल से कटघोरा व कोरबा वन मंडल होते हुए धरमजयगढ़ वन क्षेत्र तक हाथियों का कारिडोर कई वर्षों से है। अभी भी हाथी इसी मार्ग से आना- जाना करते हैं। विगत पांच वर्षों से हाथियों ने पसान क्षेत्र को अपना स्थाई ठिकाना बनाना शुरू किया है। इस दौरान क्षेत्र में इनकी संख्या 34 थी। वर्ष दर वर्ष संख्या बढ़ती जा रही है।

पेड़ों की अंधाधुंध कटाई व वन क्षेत्र की जमीन पर लोगों का बढ़ते बेजा कब्जा से हाथियों का विचरण क्षेत्र अब छोटा पडऩे लगा है। चार, साल, गुंजा के छाल व बांस हाथियों का प्रिय भोजन है। वनक्षेत्र में चारे की सुविधा नहीं होने से दल रिहायशी क्षेत्र की ओर कूच कर रहे हैं।

50 हाथियों के एक ही स्थान में विचरण कटघोरा वनमंडल का कोरबी क्षेत्र के लोग इन दिनों दहशत में हैं। इस दल ने चार दिन के भीतर 43 एकड़ फसल को नुकसान पहुंचाया है। विभागीय अधिकारियों की माने तो हाथी रात के समय अलग-अलग हो जाते हैं, दिन होते ही फिर एक साथ दल में शामिल हो जाते हैं।

## आयुष्मान भारत स्वास्थ्य जांच शिविर में वयोवृद्ध हुए लाभान्वित

**रायगढ़**

राज्य शासन के दिशा-निर्देश के परिपालन में वयोवृद्ध कार्यक्रम अंतर्गत जिले में वयोवृद्ध व्यक्तियों के चिकित्सकीय जांच, परीक्षण एवं उपचार के लिये एक दिवसीय आयुष्मान भारत स्वास्थ्य जाँच शिविर कार्यक्रम का आयोजन आज संजय मैदान रामभांठा, रायगढ़ में हुआ। जिसमें बुजुर्गो का पीला कार्ड के द्वारा नि:शुल्क पंजीयन, स्क्रीनिंग कर उनकी देखभाल, चिकित्सकीय उपचार कराया गया। बुजुर्गो की कुछ सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई। वृद्धावस्था में आमतौर पर दृष्टि में धुंधलापन, पढऩे में कठिनाई, पीठ और गर्दन में दर्द इत्यादि संबंधी समस्याएं एवं लक्षण पाए जाते है।



शिविर में उच्च रक्तचाप मरीज-18, डायबिटीज के साथ शुगर-24, दांत की समस्या वाले-19, बदन दर्द-4, त्वचा संबंधी-4, श्वास संबंधी -1 तथा अन्य 3 का चिकित्सकीय उपचार किया गया एवं 70 से 90 वर्ष के बीच में से 26 लोग लाभान्वित हुए, 67 वरिष्ठ लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया एवं चिन्हित वृद्धजनों एवं मोतियाबिंद मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया गया एवं वृद्धावस्था में लिये जाने वाले पौष्टिक आहार संबंधी स्वास्थ्य सलाह दिया गया।

कार्यक्रम में महेश साहू, अनुपम पाल, डिग्रीलाल साहू, ईश कृपा तिर्की, पार्षद, नेहा देवांगन, संतोष साहू, जगदीश मित्तल, जन प्रतिनिधियों द्वारा 5 जरूरतमंद वरिष्ठ लोगों को सहायक उपकरण छड़ी-3, वॉकर -2 प्रदाय किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बी.के.चंद्रवंशी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा, डॉ.विवेक उपाध्यय, नोडल अधिकारी, श्री.पी.डी.बस्तियां, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. काकोली पटनायक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डॉ वीरेन्द्र राठिया चिकित्सा अधिकारी, कार्यक्रम सहायक सीमा बरेठ उपस्थित रही।

## सूने मकान से लाखों के जेवर चोरी करने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**रायपुर | आरएनएस**

राजधानी के खमतराई थानाक्षेत्र में एक सूने मकान का ताला तोडक़र लाखों रूपये के गहने तथा अन्य सामान चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से चोरी का सामान बारामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार शिवानंद नगर सेक्टर 3 विनायक गार्डन गेट नंबर 2 खमतराई में रहने वाले तारकेश्वर प्रसाद ने थाना खमतराई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह 10.09.2024 को 16.40 बजे अपने घर पर ताला लगाकर पूरे परिवार के साथ जगन्नाथ पुरी दर्शन हेतु गया था। तीन दिन बाद 14.09.2024 के सुबह 11.30 बजे घर वापस आया तो देखा कि घर का दरवाजे का ताला टुटा हुआ था एवं घर के अंदर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था तथा कमरे अंदर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात, मोबाईल फ ोन नही थे जिसे कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के घर का ताला तोडक़र कमरे अंदर प्रवेश कर आलमारी का ताला तोडक़र उसमें रखे मशरूका को चोरी कर फरार हो गया। जिस पर अज्ञात अरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 331(4), 305 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना खमतराई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ-साथ घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सी.सी. टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही अज्ञात आरोपी के पतासाजी हेतु प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्तता अज्ञात आरोपियो के संबध्ां में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त शिवानंद नगर खमतराई निवासी लवकुश बघेल की पतासाजी कर पकडक़र घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने अन्य 02 साथी राज साहू एवं अमरदास कुर्रे के साथ मिलकर दोपहिया वाहन में सवार होकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया है। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में आरोपी राज साहू एवं अमरदास कुर्रे की पतासाजी कर पकड़ा गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की सोने चांदी के जेवरात एवं 01 नग मोबाईल फोन तथा घटना में प्रयुक्त 01 नग दोपहिया वाहन क्रमांक सीजी/04/पी क्यू/4731 एवं अन्य सामान कीमत लगभग 6 लाख रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001


www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

**महिला सशक्तिकरण**

# महिला स्व सहायता समूह ने मेहनत और हौसले से किया व्यवसाय स्थापित

**रायपुर | आरएनएस**



महासमुंद जिला के ग्राम पंचायत कांपा की जय मां दुर्गा महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की अनोखी मिसाल पेश की समूह की महिलाओं ने मेहनत और हौसले से फ्लाई एश ब्रिक्स निर्माण का व्यवसाय स्थापित किया है। समूह की अध्यक्ष अहिल्या साहू और सचिव कल्याणी दुबे ने बताया कि उन्होंने अपने व्यवसाय के लिए बिहान योजना के तहत आर्थिक मदद प्राप्त की। उनके समूह में 10 महिलाएं और उन्होंने एक ऑपरेटर भी रखा है।

बिहान योजना से मिली आर्थिक सहायता का सही उपयोग करते हुए, कल्याणी और उनके समूह ने व्यवसाय को मजबूती से खड़ा किया। इस समूह के द्वारा अब तक लगभग तीन लाख फ्लाई ऐश ब्रिक्स (ईंट) का निर्माण कर लिया गया है, जिसको सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में विक्रय कर चुकी है। इस व्यवसाय की शुरूआत में समूह को 1,50,000 रुपये की शुद्ध आय हुई। यह आय न केवल समूह के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक संबल बनी, बल्कि इसे महिलाओं के लिए एक नया मार्गदर्शन भी दिया कि वे भी अपने व्यवसाय को शुरू कर सकती हैं और आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने अपने दृढ़ निश्चय से यह साबित कर दिया कि कोई भी चुनौती असंभव नहीं होती, यदि उसमें मेहनत और हौसला हो। फ्लाई ऐश ब्रिक्स निर्माण जैसे मर्दों के व्यवसाय में कदम रखकर उन्होंने यह दिखाया कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में सफल हो सकती हैं। उनका यह कार्य अन्य स्व सहायता समूहों के लिए प्रेरणा बन चुकी है, और जिले में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का प्रतीक बन गई हैं। जय मां दुर्गा महिला स्व सहायता समूह ने इस सफलता के साथ यह संदेश दिया है कि सही दिशा में मेहनत, हिम्मत, और आर्थिक सहयोग से महिलाएं भी किसी भी व्यवसाय में ऊँचाइयों को छू सकती हैं। ये महिलाएं विभिन्न काम करके अपने परिवारों को पालने और अपने जीवनस्तर में सुधार करने का संघर्ष कर अपनी क़िस्मत बदल रही है और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।